सत्यमेव जयते

# पंचदश

# बिहार विधान-सभा

## षोडश सत्र

## तारांकित प्रश्न

### वर्ग-4

वृहस्पतिवार,तिथि 19 चैत्र, 1937 (श0) / 09 अप्रील, 2015 (ई0)

**प्रश्नों की कुल संख्या 107**

| | | | |
|---|---|---|---|
| (1) नगर विकास एवं आवास विभाग | .. | .. | 38 |
| (2) राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग | .. | .. | 13 |
| (3) कृषि विभाग | .. | .. | 10 |
| (4) पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग | .. | .. | 16 |
| (5) खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग | .. | .. | 07 |
| (6) लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग | .. | .. | 21 |
| (7) सहकारिता विभाग | .. | .. | 02 |
| | | कुल योग — | 107 |

नाला का निर्माण

''क''-*406. श्री सुरेश कुमार शर्मा--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर शहर अन्तर्गत चाँदनी चौक से लक्ष्मी चौक तक की सड़क के किसी भी तरफ से नाले की व्यवस्था नहीं है, जिससे सैकड़ों घरों में हमेशा पानी लगा रहता है तथा महामारी फैलने की आशंका रहती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पथ में नाला निर्माण कराने का विचार कबतक रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

निर्माण कराना

*1227. श्री ललन कुमार--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिलान्तर्गत तेघड़ा नगर पंचायत के वार्ड संख्या 11, 12, 13, 14, 15 एवं 16 में भारी जल-जमाव के कारण पूरे नगर पंचायत बाजार में आम लोगों को आवागमन में काफी कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार जल-जमाव दूर करने के लिये पक्का नाला का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पर्चा उपलब्ध कराना

*1228. श्रीमती मुन्नी देवी--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत नगर पंचायत, बिहीया के वार्ड नं0 11, 12, 8, 2 एवं 9 तथा शाहपुर नगर पंचायत के वार्ड नं0 4, 1, 8, 2 में हजारों महादलित परिवार रहते हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त महादलित परिवारों का नाम वोटर लिस्ट में रहने के बावजूद उन्हें अपने आवासित भूमि का पर्चा नहीं मिला है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों ...

परिवारों को भूमि का पर्चा उपलब्ध कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

निर्माण कराना

*1229. श्री गोपालजी ठाकुर--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत बेनीपुर नगर परिषद् क्षेत्र के वार्ड नं0 8 स्थित चौगमा राधेश्याम बाबा त्रिकुटी स्थान से मुसहरी होते हुये बेलाडीह बाँध तक वार्ड नं0 10-11 में स्थित ग्राम-डखराम में राजेन्द्र बाबा के घर से गोलू के घर होते हुये भगवती स्थान तक एवं वार्ड नं0 2 स्थित राधा मास्टर के घर से सन्तों मिस्त्री के घर होते हुये सहनी टोल तक सड़क नहीं होने से उक्त स्थानों के हजारों की आबादी को आवागमन में काफी कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़कों का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है ?

---

नोट--''क''-दिनांक 25 मार्च, 2015 को सदन द्वारा नगर विकास एवं आवास विभाग में स्थानान्तरित ।

कब्जा दिलाना

*1230. श्री सतीश कुमार--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पटना जिलान्तर्गत खुसरूपुर प्रखंड के बैकठपुर एवं वैशाली जिला के राघोपुर अंचल (थाना सं0 402) के खाता सं0 1,777 की कुल 1,600 एकड़ विवादित जमीन पर बैकठपुर एवं राघोपुर के रैयतों के हकियत दावे का सत्यापन किया जाना है ;

(2) क्या यह बात सही है कि विवादित जमीन के हल हेतु विधि-व्यवस्था की गंभीर समस्या का जिक्र करते हुये जिला पदा0, वैशाली ने अपने पत्रांक 1366, दिनांक 28 नवम्बर, 2014 द्वारा जिला पदा0, पटना से अनुरोध किया है ;

(3) क्या यह बात सही है कि जिला पदा0, वैशाली द्वारा भेजे गये पत्र पर अभीतक जिला प्रशासन, पटना द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गयी है जिससे वहाँ कृषि कार्य को लेकर तनाव व्याप्त है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त दोनों जिला के बीच विवादित जमीन का स्थायी निदान करते हुये एक समय-सीमा के अंदर राघोपुर के रैयतों को जमीन पर कब्जा दिलाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

कार्रवाई करना

*1231. श्री दुर्गा प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पटना जिलान्तर्गत दानापुर प्रखंड के मौजा मुस्तफापुर थाना नं0 36, खाता 182, प्लॉट 8, 11, 12, हलका 7 के जमाबंदी नं0 362/458 में चार कट्ठा पन्द्रह धुर प्लॉट 11 एवं 12 में कलकत्ता में निबंधन का कागजात दिखाकर अन्तर राशि पटना निबंधन कार्यालय में दिनांक 22 सितम्बर, 2009 को जमाकर दाखिल-खारिज करा रसीद कटवा लिया गया है जिसका केस नं0 737/7, वर्ष 2009-10 है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त जमीन के बारे में दिनांक 31 अक्टूबर, 2014 को चिरकुट दाखिल कर सूचना माँगी गई तो नाजिर अंचल कार्यालय, दानापुर द्वारा सूचना दी गई कि अभिलेखागार में कागजात उपलब्ध नहीं है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार निबंधन के कागजात को बिना जाँचे अंतर राशि जमा करने, रसीद काटने, दाखिल-खारिज करने एवं अभिलेखागार से कागजात गायब करने वाले दोषी पदाधिकारी या कर्मचारी पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

औचित्य बताना

*1232. श्री मंजीत कुमार सिंह--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना जिलान्तर्गत फुलवारीशरीफ के साकेत बिहार, बिजली ऑफिस मोड़ से शिव नारायण चौक होते हुये करोड़ीचक तक मुख्य नाला एवं पी0सी0सी0 निर्माण कार्य हेतु राज्य योजनान्तर्गत सितम्बर, 2014 में निविदा आमंत्रित की गई थी परन्तु छः माह बाद भी कार्य प्रारंभ नहीं हुआ है, यदि हाँ, तो इसका क्या औचित्य है ?

--------

पदस्थापन कराना

*1233. श्रीमती गुलजार देवी--क्या मंत्री, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत फुलपरास एवं घोघरडीहा प्रखंड में प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी का पद एक वर्ष से अधिक समय से रिक्त है ;

(2) क्या यह बात सही है कि फुलपरास प्रखंड में प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी का कार्य बाबूबरही के अंचलाधिकारी से लिया जा रहा है तथा घोघरडीहा में अंचल अधिकारी, घोघरडीहा से यह कार्य कराया जा रहा है जिसे उपभोक्ताओं को परेशानी हो रही है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक फुलपरास एवं घोघरडीहा प्रखंड में प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी का पदस्थापन कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

कार्यालय को कार्यरत कराना

*1234. श्री मनोहर प्रसाद सिंह : क्या मंत्री, सहकारिता विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के मनसाही प्रखंड अन्तर्गत मरंगी ग्राम पंचायत में छः महीने से भी अधिक समय से 10,70,000 रु० की लागत से बनकर तैयार भवन में कार्यालय कार्यरत न कर पुराने भवन में ही इसे चलाया जा रहा है, यदि हाँ, तो क्या सरकार नये निर्मित भवन में कबतक पैक्स कार्यालय को कार्यरत करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

**प्रभारी मंत्री** : उत्तर स्वीकारात्मक है । वस्तुस्थिति यह है कि कटिहार जिला के मनसाही प्रखंड के अन्तर्गत मरंगी ग्राम पंचायत के मरंगी पैक्स के नवनिर्मित गोदाम भवन के आगे रेलवे विभाग का अंडरग्राउंड पुल का निर्माण कार्य चल रहा है । फलतः गोदाम का रास्ता अवरुद्ध है । रेलवे के उक्त निर्माण कार्य के सम्पन्न होने पर एवं सड़क चालू हो जाने के उपरान्त उक्त गोदाम भवन में समिति स्वतः कार्यरत हो जायेगी ।

----

स्वामित्व दिलाना

*1235. श्री विक्रम कुँवर : क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि

(1) क्या यह बात सही है कि सीवान जिला के हुसैनगंज प्रखण्ड के चाप पंचायत के अधीन चाप टोला मुसहीपों के निवासी महादलित परिवार को सरकारी जमीन वर्ष 2005 में आवंटित किया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त टोला के श्री रंगीलाल राम, जयकिशुन राम, मुन्नी लाल राम के अलावे करीब 25 महादलितों को अभीतक जमीन का स्वामित्व नहीं मिला है ;

(3) क्या यह बात सही है कि प्रश्नकर्त्ता सदस्य ने वर्ष 2014 में उक्त परिवार को जमीन का स्वामित्व दिलाने हेतु जिलाधिकारी, सीवान को पत्र दिया था ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त महादलित परिवार के व्यक्तियों को जमीन का स्वामित्व दिलाने हेतु कौन-सी कारंवाई कबतक करना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

रास्ता की व्यवस्था कराना

*1236. श्री मनोहर प्रसाद सिंह : क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि

(1) क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के मनसाही प्रखंड अन्तर्गत कुरैठा ग्राम पंचायत के रामनगर भटठा टोला अरुण यादव की जमीन के बगल से सीवाना के बाद महादलितों के 35 घर बसे हुये हैं और वहाँ जाने के लिये रास्ता नहीं है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उन दलित परिवारों को इन्दिरा आवास की स्वीकृति हो चुकी है, लेकिन रास्ते के अभाव में वे अपना घर नहीं बना पा रहे हैं ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त दलित परिवार के लिये कबतक रास्ता की व्यवस्था का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

जलापूर्ति कराना

*1237. श्री जनक सिंह : क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत इसुआपुर प्रखंड की आबादी जनसंख्या मानक के अनुसार रहने के बावजूद (1) महुली दक्षिण महादलित टोला पोखड़ा (2) चहपुरा पोखड़ा के पास (3) बेसिक स्कूल केरवा (4) सरकारी कर्मचारी भवन गोहा (5) अनुसूचित जाति बस्ती अगौथरनन्दा (6) नवसृजित प्राथमिक विद्यालय, महुआ (7) श्री शिव मंदिर निपनिया (8) श्री शिव मंदिर जैधर (9) पंचायत राज भवन उसड़ी कला एवं राज्य उच्च पथ में पश्चिम डाटा पुरसौली में शुद्ध जलापूर्ति की व्यवस्था नहीं है, जिसके कारण ग्रामीणों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त स्थलों पर कबतक शुद्ध जलापूर्ति कराने का विचार कबतक रखती है, नहीं, तो क्यों ?

निर्माण कराना

*1238. श्रीमती (प्रो०) उषा सिन्हा : क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि–

(1) क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिलान्तर्गत हिलसा नगर परिषद् में जल निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं होने के कारण बरसात में नगर की स्थिति नारकीय हो जाती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि हिलसा सूर्यमंदिर से डाकबंगला से पीछे खाखी बाबा पुल तक तथा योगीपुर रोड में पी०एच०ई०डी० कार्यालय से बस स्टैंड के डोर नदी तक नाला निर्माण नहीं होने के कारण घरों का पानी नहीं निकल पाता है और जल-जमाव बराबर बना रहता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार सूर्यमंदिर से खाखी बाबा पुल तक तथा पी०एच०ई०डी० कार्यालय से बस स्टैंड होते डोर नदी तक बड़ा नाला निर्माण कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

---

कार्रवाई करना

*1239. श्री सुरेन्द्र प्रसाद सिन्हा : क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि–

(1) क्या यह बात सही है कि पटना जिला के फुलवारी शरीफ, प्रखंड अंतर्गत चईग्राम के दक्षिण खेमनीचक के सुभाषनगर में मुख्य मंत्री नगर विकास योजना के तहत नाला एवं पी०सी०सी० सड़क निर्माण का कार्य नवम्बर, 2010 में प्रारंभ किया गया ;

(2) क्या यह बात सही है कि सुभाषनगर में ह्यूम पाइप बिछाये, परंतु बिना पी०सी०सी० ढलाई किये संपूर्ण राशि की निकासी नवम्बर, 2010 में कर ली गई है ;

(3) क्या यह बात सही है कि संवेदक को काम तीन माह के अंदर पूरा करना था, परंतु लगभग पाँच वर्ष बीत जाने के बावजूद आजतक काम पूरा नहीं किया गया है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उपरोक्त अनियमित भुगतान की उच्चस्तरीय जाँच कराकर कार्रवाई करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क निर्माण कराना

*1240. मो० आफाक आलम : क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत कसबा नगर पंचायत के हनुमान मंदिर चौक से चाँदनी चौक का सड़क 10 वर्षों से जर्जर है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

जलापूर्ति कराना

*1241. श्री रामसूरत राय : क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिला के औराई विधान सभा क्षेत्रान्तर्गत कटरा प्रखण्ड के प्रखण्ड मुख्यालय, बसुआर एवं कृष्णनगर में पानी आपूर्ति हेतु जलमीनार निर्माण विगत 3 वर्ष पूर्व कराया गया था, लेकिन अभीतक उक्त जलमीनार से जलापूर्ति नहीं किया जा रहा है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक जलमीनार से शुद्ध जलापूर्ति कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

जीर्णोद्धार करना

*1242. श्री मुजाहिद आलम—क्या मंत्री, मत्स्य एवं पशुपालन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिले के कोचाधामन प्रखण्ड में एक सरकारी शीतला झील है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त शीतला झील से एक बड़े भू-भाग में सिंचाई की जाती है, साथ ही साथ जानवरों के पेयजल एवं मछलीपालन का एक महत्वपूर्ण स्रोत है;

(3) क्या यह बात सही है कि उक्त झील में (सिल्ट) जमा होने के कारण ये झील गर्मी में सूख जाता है;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त झील के जीर्णोद्धार का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का जीर्णोद्धार

*1243. श्री अब्दुल बारी सिद्दिकी—क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य सरकार ने वित्तीय वर्ष 2013-14 में पटना नगर निगम को पथ/पुलिया निर्माण मद में 577.22750 लाख रु० आवंटित किया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त आवंटित राशि 577.22750 लाख रु० में से सरकार ने विभागीय पत्रांक 2292, दि० 31 जुलाई, 2014 के द्वारा 64.84150 लाख रु० राजाबाजार, पटना स्थित पारस अस्पताल से उत्तर समनपुरा-नूरी मार्केट होते हुये इन्दिरापुरी कॉलोनी रोड नं०-2 स्थित मकान बी०-20 तक जाने वाली सड़क के निर्माण के लिये स्वीकृत किया है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त वर्णित सड़क का जीर्णोद्धार कार्य कबतक कराने का विचार रखती है ?

संघ बनाना

*1244. श्रीमती पूनम देवी यादव—क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि खगड़िया, पूर्णियाँ और भागलपुर दुग्ध शीतक केन्द्र की स्थापना क्रमश: वर्ष 1972, 1998 एवं 1994 में हुआ है;

(2) क्या यह बात सही है कि वर्तमान में खगड़िया, पूर्णियाँ एवं भागलपुर दुग्ध शीतक केन्द्र का प्रतिदिन क्षमता क्रमश: 1 लाख 40 हजार लीटर, 40 हजार लीटर एवं 20 हजार लीटर है;

(3) क्या यह बात सही है कि प्रतिदिन खगड़िया दुग्ध शीतक केन्द्र की क्षमता सर्वाधिक होने के बावजूद खगड़िया को अलग संघ नहीं बनाया गया है, जबकि कम दूध संग्रह क्षमता होने वाले पूर्णियाँ एवं भागलपुर को क्रमश: वर्ष 2014 एवं 2008 में अलग संघ बना दिया गया है;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार प्रतिदिन सर्वाधिक दूध संग्रह करने वाले खगड़िया दुग्ध शीतक केन्द्र में अलग संघ बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पदस्थापन करना

*1245. श्री कुमार शैलेन्द्र—क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिलान्तर्गत खरीक प्रखण्ड के ढेठिया दादपुर पंचायत के विशपुरिया में पशु चिकित्सा केन्द्र बिना चिकित्सक का है;

(2) क्या यह बात सही है कि खरीक प्रखण्ड के चार पंचायत में करीब 10 हजार पशु हैं और चिकित्सक के अभाव में प्रत्येक माह पशु मर रहे हैं;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार अविलम्ब पशु चिकित्सक की पदस्थापन करना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

कार्रवाई करना

*1246. श्री आलोक रंजन—क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि सहरसा जिला में यूरिया की कालाबाजारी बड़े पैमाने पर हो रही है;

(2) क्या यह बात सही है कि सहरसा जिला में किसानों को खाद्य के खरीददारी के समय कृषि विभाग के पदाधिकारी द्वारा सहरसा के दो बड़े खाद्य व्यवसायियों को निलम्बित कर खाद्य की कमी करवाकर अधिक दामों में किसानों को खाद्य खरीदने के लिये मजबूर किया गया;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार इस प्रायोजित कालाबाजारी कराने वाले पदाधिकारी पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

कार्रवाई करना

*1247. श्री नितिन नवीन—स्थानीय हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 22 दिसम्बर, 2014 को प्रकाशित शीर्षक ''राशि ही खर्च नहीं, कैसे हो शहरी विकास'' को ध्यान में रखते हुये क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि बिहार राज्य में शहरी विकास, शुद्ध पेयजल स्वच्छता एवं जल संरक्षण समेत अन्य नागरिक सुविधाओं से जुड़ी वर्ष 2014-15 की योजनायें धीमी गति से चलने के कारण 70 करोड़ में से 34.33 करोड़ रुपये ही खर्च किये गये हैं;

(2) क्या यह बात सही है कि जलापूर्ति एवं सफाई व्यवस्था पर कुल 57.66 करोड़ रुपये आवंटन सरकार द्वारा विगत वर्ष किया गया, जिसमें से वर्ष 2015 की अधिकांश अवधि बीत जाने के बावजूद अबतक मात्र 32.33 करोड़ रुपये ही खर्च किये जा सके हैं;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार बिहार में शहरी विकास की राशि अब तक खर्च नहीं किये जाने का क्या औचित्य है तथा राशि ससमय खर्च नहीं करनेवाले दोषी के विरुद्ध कौन-सी कार्रवाई करने का विचार रखती है ?

---

विचार करना

*1248. श्री विजय कुमार सिन्हा—क्या मंत्री, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि लखीसराय जिलान्तर्गत शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में वर्ष 2011 के आर्थिक एवं सामाजिक सर्वेक्षण में गरीब लोगों का नाम बी०पी०एल० सूची से हटा दिया गया;

(2) क्या यह बात सही है कि अत्यन्त गरीब लोग खाद्य सुरक्षा के अधिकार से वंचित है और कुछ अमीर लोगों का नाम बी०पी०एल० सूची में जोड़ दिया गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार पुनः सर्वेक्षण कराकर निर्धन लोगों का नाम बी०पी०एल० सूची में जोड़कर खाद्य सुरक्षा का अधिकार देने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

औचित्य बताना

*1249. श्री दिनेश कुमार सिंह—हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 24 फरवरी, 2015 को प्रकाशित ''घर-घर से कूड़ा उठाने की योजना फेल'' शीर्षक को ध्यान में रखते हुये क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि पटना नगर निगम की सड़क सफाई पर 2.5 करोड़ रुपये प्रति माह यानी वर्ष में 30 करोड़ रु० खर्च करने के बाद भी घर-घर से कूड़ा उठाने की योजना असफल है;

(2) क्या यह बात सही है कि घर-घर से कूड़ा उठाने की योजना का टेंडर अभी तक निष्पादित नहीं हुआ है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार 7 वर्ष बीत जाने के बाद भी अभीतक घर-घर से कूड़ा उठाने की योजना शुरू नहीं होने का क्या औचित्य है ?

पदस्थापन करना

*1250. श्री पवन कुमार जायसवाल--क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के ढाका प्रखंड में आपकी सरकार आपके द्वार योजनान्तर्गत भंडार, बड़हरवा, लखनसेन एवं दलपत में पशु चिकित्सालय भवन का निर्माण 7.00-7.00 लाख की लागत से एवं सीमा क्षेत्र विकास कार्यक्रम अन्तर्गत ढाका प्रखंड के बलुआर (गुआबारी) एवं घोड़ासहन प्रखंड के बसतपुर में पशु सहायता, कृत्रिम गर्भाधान एवं प्रजनन केन्द्र के भवन का निर्माण कराया जा चुका है;

(2) क्या यह बात सही है कि खंड (1) में वर्णित ग्रामों में विभागीय स्तर से पशु चिकित्सालय की स्वीकृति नहीं दी गयी है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उपरोक्त ग्रामों में नवनिर्मित भवनों में पशु चिकित्सालय-सह-प्रजनन केन्द्रों की स्वीकृति देने के साथ चिकित्सक एवं कर्मियों का पदस्थापन का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

व्यवस्था कराना

*1251. श्री (डॉ०) इजहार अहमद--स्थानीय हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 20 नवम्बर, 2014 को प्रकाशित शीर्षक ''सुविधाविहीन है शहर का हृदय स्थल टावर'' को ध्यान में रखते हुये क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत दरभंगा स्थित टावर चौक तक डेढ़ सौ से अधिक दुकाने हैं, जहाँ जनसुविधा के रूप में शौचालय नहीं रहने के फलस्वरूप आमजनों को मल-मूत्र त्यागने एवं शौचालय आदि जाने में महिलाओं को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार आमजनों के हित में कबतक शौचालय आदि की व्यवस्था कराने का विचार रखती है और नहीं, तो क्यों ?

---------

राशि खर्च करना

*1252. श्रीमती मुन्नी देवी--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि वित्तीय वर्ष 2013-14 एवं 2014-15 में भोजपुर जिले को मुख्य मंत्री शहरी विकास योजनान्तर्गत प्राप्त राशि से शाहपुर एवं बिहिया नगर पंचायत में एक भी पैसा खर्च नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त दोनों नगर पंचायत में उक्त योजना की राशि खर्च करने का विचार रखती है ?

---------

जलापूर्ति प्रारंभ कराना

*1253. श्री सोनेलाल हेम्ब्रम--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बाँका जिला के बौंसी, दलिया एवं अन्य मोहल्लों में सुखनिया नदी से पेयजल आपूर्ति के लिये 6,45,15,860 (छ: करोड़ पैंतालीस लाख पन्द्रह हजार आठ सौ साठ) रु० राशि की निविदा 15 मई, 2014 को ही निकाली गयी थी;

(2) क्या यह बात सही है कि उस निविदा के आधार पर प्रमंडल एवं जोनल कार्यालय से निविदा को अन्तिम निष्पादन के लिये मुख्यालय, पटना छ: माह पूर्व ही भेजा गया है और मुख्यालय में लम्बित है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक निविदा का निष्पादन कर उक्त स्वच्छ जलापूर्ति प्रारंभ कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

विचार करना

*1254. श्री रतनेश सादा--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सहरसा जिलान्तर्गत बनमा इटहरी प्रखंड के अंचलाधिकारी एवं राजस्व कर्मचारी वित्तीय वर्ष 2014-15 में एक भी महादलित परिवारों के बीच तीन डीसमील जमीन वितरित नहीं किया गया है, जबकि अंचलाधिकारी द्वारा जमीन क्रय कर लिया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि राजस्व कर्मचारी एवं अंचलाधिकारी द्वारा जमीन वितरण में लापरवाही बरती जा रही है जिसके कारण महादलितों में आक्रोश व्याप्त है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार राजस्व कर्मचारी, बनमा इटहरी एवं अंचलाधिकारी के क्रिया-कलापों की जाँच करवाते हुये किसी सक्षम पदाधिकारी द्वारा महादलितों को जमीन का वितरण करवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

पानी सप्लाई कराना

*1255. श्री कुमार शैलेन्द्र--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिलान्तर्गत बिहपुर प्रखंड के लत्तीपुर दक्षिण पंचायत के गौरीपुर ग्राम में मिनी जलापूर्ति योजना के तहत पानी टंकी का निर्माण हो चुका है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त टंकी पिछले तीन साल से बनकर तैयार है और अभीतक उससे पानी सप्लाई नहीं हो रहा है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पानी टंकी से शीघ्र पानी सप्लाई कराना चाहती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

कब्जा दिलाना

*1256. श्री विनय कुमार सिंह--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिला के गायघाट प्रखंड अन्तर्गत बलुठर गाँव में राज्य सरकार द्वारा 20 व्यक्तियों को 10 वर्ष पूर्व खाता सं० 671, खेसरा सं० 961 में 1 एकड़ 95 डीसमील भूमि का वासगीत पर्चा वितरित किया गया था, परन्तु उन गरीब व्यक्तियों को वर्तमान समय तक भी उक्त वर्णित भूमि पर दखल-कब्जा नहीं प्राप्त हुआ है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त वर्णित स्थल पर वासगीत पर्चा प्राप्त गरीबों को दखल-कब्जा दिलाना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

दुग्ध केन्द्र का संचालन

*1257. श्री महेश पासवान--क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिलान्तर्गत कोढ़ा प्रखंड मुख्यालय में अवस्थित शीतल दुग्ध केन्द्र वर्ष 2004 से बन्द है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त शीतल दुग्ध केन्द्र को चालू कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

धान का भंडारण

*1258. श्री जितेन्द्र कुमार--क्या मंत्री, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिलान्तर्गत 20 प्रखण्डों में जो धान क्रय केन्द्र स्थापित किये गये हैं, उनमें धान क्रय से गोदाम भरा पड़ा है, लेकिन धान रखने का समुचित जगह नहीं होने के कारण धान की अधिप्राप्ति नहीं हो पा रही है, जिससे कृषकों में आक्रोश व्याप्त है, यदि हाँ, तो इसका क्या औचित्य है तथा सरकार किसानों के हित में कबतक धान के भंडारण की व्यवस्था करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-----------

निर्माण कराना

*1259. श्री ललन राम--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत प्रखण्ड देव के बेढ़ना, बुढुआ, नेयामतपुर एवं अन्य कई गाँवों में मिनी जलमीनार नहीं है, जिससे शुद्ध जल की आपूर्ति नहीं होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त गाँवों में कबतक जलमीनार का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-----------

कार्रवाई करना

*1260. डॉ0 अच्युतानन्द--क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि वैशाली जिला के जन्दाहा एवं महनार प्रखण्डों के खाद की दुकानों पर यूरिया खाद की पर्याप्त आपूर्ति नहीं हो रही है;

(2) क्या यह बात सही है कि उपरोक्त प्रखण्डों के किसान रब्बी फसल के लिये यूरिया खाद कालाबाजारी से 200 रु0 अधिक कीमत पर खरीद रहे हैं जिसके कारण उन्हें आर्थिक कठिनाई हो रही है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उपरोक्त प्रखण्डों के किसानों को उचित दर पर यूरिया खाद की आपूर्ति कराने हेतु कौन-सी कार्रवाई कबतक करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-----------

पेयजल की आपूर्ति

*1261. श्री प्रदीप कुमार--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नवादा जिलान्तर्गत पकरीबरावाँ प्रखण्ड के ग्राम-दतरौल, पकरीबरावाँ, गुलनी, मठगुलनी इत्यादि ग्रामों में जल स्तर काफी नीचे रहने के कारण ग्रामीणों को पेयजल की काफी कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त ग्रामों में कबतक पानी टंकी लगाकर पेय जलापूर्ति कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

### जलमीनार चालू कराना

*1262. श्री रामसेवक सिंह--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिला के हथुआ विधान-सभा क्षेत्र के अंतर्गत प्रखण्ड हथुआ के ग्राम पंचायत, राज लाइन बाजार के बड़कागाँव में ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने हेतु लगभग चार वर्ष पूर्व जलमीनार का निर्माण कराया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त जलमीनार से अभीतक शुद्ध पानी की आपूर्ति आरंभ नहीं हुआ है, जिससे पोषक क्षेत्र के ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल का लाभ नहीं मिल रहा है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उपरोक्त जलमीनार को चालू कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

### कार्य पूरा कराना

*1263. श्री शैलेश कुमार--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मुंगेर जिलान्तर्गत नगर परिषद्, जमालपुर में जिन्दल कम्पनी द्वारा कई वर्षों से वाटर सप्लाई का कार्य चल रहा है;

(2) क्या यह बात सही है कि वाटर सप्लाई का कार्य पूरा नहीं होने से जमालपुरवासियों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार नगर परिषद्, जमालपुर में वाटर सप्लाई का कार्य कबतक पूरा कराना चाहती है ?

------------

### सफाई कराना

*1264. श्री रामेश्वर प्रसाद--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना नगर निगम के वार्ड सं0 48 स्थित लोहार गली एवं यादव गली में विगत एक वर्ष से नाली एवं गली की सफाई नहीं की गई है, जिसके कारण गंदा पानी एवं कचड़ा गली में भरा रहता है, जिससे उक्त वार्ड के बच्चे संक्रमण से पीड़ित हो रहे हैं तथा आम लोगों को आने-जाने में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त स्थानों पर नाली एवं गली की सफाई कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

### पेयजल की आपूर्ति

*1265. श्री मनीष कुमार--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बाँका जिलान्तर्गत रजौन प्रखण्ड का रानावर ग्राम तथा पुनसिया एवं धोरैया प्रखण्ड का गचिया क्षेत्र काफी घनी आबादी वाला क्षेत्र है;

(2) क्या यह बात सही है कि खण्ड (1) में वर्णित क्षेत्रों में पेयजल का संकट पिछले दस वर्षों से है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार खण्ड (1) में वर्णित क्षेत्रों में पेयजल की आपूर्ति हेतु कौन-सा कारगर कदम उठाने का विचार रखती है ?

पदस्थापन करना

*1266. श्री विनय कुमार सिंह--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत सोनपुर एवं दिघवारा नगर पंचायत में कार्यपालक अभियंता की प्रतिनियुक्ति नहीं रहने के कारण एवं विकास राशि उपलब्ध रहने के बावजूद भी विकास कार्य एक वर्ष से बंद है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त नगर पंचायतों में कबतक स्वतंत्र रुप से कार्यपालक अभियंता का पदस्थापन करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पी०सी०सी करना

*1267. श्री ललन कुमार--क्या मंत्री,नगर विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिलान्तर्गत तेघड़ा नगर पंचायत के वार्ड नं० 23 में गुप्ता बाँध पर राम उद्‌गार सिंह के घर से राकेश सिंह के घर होते हुये ब्रह्म स्थान तक के पथ का पी०सी०सी० करण हेतु स्वीकृति सं० 1388, दिनांक 21 नवम्बर, 2014 द्वारा दी गयी थी, परन्तु वह कार्य अबतक प्रारम्भ नहीं हुआ है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक इस पथ का पी०सी०सी० करण कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

भुगतान कराना

*1268. श्री गोपालजी ठाकुर--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत वरूणा पुल से दरभंगा जिला के रसियारी तक बनने वाली एस०एच० 88 सड़क निर्माण कार्य हेतु दरभंगा जिलान्तर्गत बेनीपुर के किसानों की जमीन वर्ष 2014 में अधिग्रहित की गई है ;

(2) क्या यह बात सही है कि अधिगृहित भूमि के किसानों को मुआवजा का भुगतान आजतक नहीं किया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार किसानों को मुआवजा की राशि का भुगतान कबतक कराने का विचार रखती है ?

--------

दवा का छिड़काव

*1269. डॉ० कृष्णनन्दन यादव--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत गया शहर में मच्छर मारने की दवा का छिड़काव नहीं किया जाता है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त शहर में मच्छरों की संख्या अधिक हो गई है तथा मच्छरों के काटने से कई तरह की बीमारी होने की संभावना बनी रहती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार गया शहर में मच्छर मारने की दवा का छिड़काव कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

उप-स्वास्थ्य केन्द्र का स्थापना

*1270. श्री रमेश ऋषिदेव--क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधेपुरा जिलान्तर्गत कुमारखंड के पंचायत रौता के ग्राम-गोपालपुर से प्राथमिक पशु चिकित्सालय, कुमारखंड की दूरी 10 कि०मी० है जिससे प्राथमिक उपचार के लिये पशुओं को ले जाने में काफी कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त गाँव में पशु उप-स्वास्थ्य केन्द्र स्थापित कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

निर्माण कराना

*1271. श्री अख्तरुल इसलाम शाहिन--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर नगर परिषद् क्षेत्र के आजाद मगरदही, मथुरी, परिषदन, स्टेशन, माल गोदाम, गणेश एवं बहादुरपुर चौक (वार्ड नं० 23 एवं 26) पर यात्री शेड नहीं है ;

(2) क्या यह बात सही है कि यात्री शेड नहीं रहने से आम लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त स्थानों पर यात्री शेड का निर्माण कराना चाहती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

पेयजल की सुविधा

*1272. श्री अजीत शर्मा--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर नगर निगम के अलीगंज के गुमटी रोड में शिव मंदिर के पास, गोनर लाल लेन, मारूफचक, मिनी मार्केट बरहपुरा, भीखनपुर-3 नम्बर गुमटी कब्रिस्तान के समीप, मसकन बरारी, हसनाबाद आदि वार्डों में बोरिंग नहीं होने से पेयजल की समस्या विगत 10 वर्षों से बनी हुई है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त वार्डों में कबतक डीप बोरिंग एवं पाइप बिछाकर पेयजल समस्या से मुक्ति दिलाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

नाला की सफाई

*1273. श्री शैलेश कुमार--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मुंगेर जिलान्तर्गत जमालपुर नगर परिषद् में मुंगरोहा-चमरा नाला की सफाई विगत कई वर्षों से नहीं की गई है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त नाला की सफाई नहीं होने से वर्षात के दिनों में सड़क पर जल-जमाव के कारण हजारों घर में पानी घुस जाता है, जिससे आम लोगों को आवागमन में कठिनाई होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त नाला की सफाई कराना चाहती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

चालू कराना

*1274. श्री प्रदीप कुमार--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नवादा जिलान्तर्गत पकरीबरावाँ प्रखण्ड के ग्राम वरतारा में मोनी पानी टंकी का निर्माण कार्य अधूरा है, यदि हाँ, तो सरकार ग्राम वरतारा में पानी टंकी का निर्माण कार्य पूर्ण कराकर जलापूर्ति चालू कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------

आवंटन करना

*1275. श्री (मो०) तौसीफ आलम--क्या मंत्री, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि खाद्य सुरक्षा योजना अन्तर्गत पूरे बिहार में जन-वितरण प्रणाली विक्रेताओं को सूची के अनुरूप खाद्य का आवंटन नहीं की जाती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि अन्त्योदय योजना अन्तर्गत लाभुकों के प्रतिकार्ड में प्रति यूनिट पाँच की संख्या से कटौती कर ज० वि० प्रणाली विक्रेताओं को आवंटन की जाती है ;

(3) क्या यह बात सही है कि अन्त्योदय योजना अन्तर्गत अधिकतर कार्ड में यूनिट की संख्या न्यूनतम 1 अधिकतम 3 है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त खाद्य सुरक्षा योजना में सर्वेक्षण कराकर सूची के अनुरूप प्रदेश के जन-वितरण प्रणाली विक्रेताओं को आवंटन करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------

शुरू कराना

*1276. श्री संजय सिंह "टाईगर"--क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत संदेश प्रखंड मुख्यालय संदेश स्थित पशु चिकित्सालय में कृत्रिम पशु गर्भाधान विगत डेढ़ वर्षों से बंद है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पशु चिकित्सालय में कृत्रिम पशु गर्भाधान कबतक शुरू कराने का विचार रखती है ?

------

सीवर लाइन बिछाना

*1277. श्री अरूण कुमार सिन्हा--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पटना में पेय जलापूर्ति हेतु ब्रिटीश काल में बिछाये गये पाईप लाईन को अबतक नहीं बदले जाने के कारण प्रतिदिन 11 करोड़ लीटर पानी की बर्बादी हो रही है, तथा पाईप जर्जर है एवं पुराना पाईप होने से गंदा पानी आता है जो उपयोग लायक नहीं है ;

(2) क्या यह बात सही है कि पटना में 75 वर्ष पूर्व सीवर लाईन बिछाने के बाद शहर का विस्तार फतुआ से बिहटा और मसौढ़ी तक हो जाने के बावजूद यहाँ की एक तिहाई आबादी सीवर लाईन से वंचित है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार में प्रतिदिन स्वच्छ पेयजल की बर्बादी रोकने तथा सीवर लाईन बिछाने हेतु कौन-सा कारगर कदम उठाने का विचार रखती है ?

------

मुख्य सड़क से जोड़ना

*1278. श्रीमती मंजु कुमारी--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मुख्य सड़क से महादलित टोलों को जोड़ने हेतु आवश्यकतानुसार भूमि अधिग्रहित कर सम्पर्क पथ का निर्माण कराने का सरकार का प्रावधान है ;

(2) क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला के कल्याणपुर प्रखण्ड के वासुदेवपुर पंचायत के वासुदेवपुर गाँव बीरसिंहपुर पंचायत के अकबरपुर गाँव, तीरा जटमलपुर पंचायत के जटमलपुर गाँव एवं पूसा प्रखण्ड के चकले बैंयनी पंचायत के बेयनी ग्राम कुबौलीराम पंचायत के कुबौली गाँव एवं दिघरा पंचायत के दिघरा गाँव के महादलित टोलों को मुख्य सड़क से नहीं जोड़ा गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त प्रावधान के आलोक में खण्ड (2) में वर्णित टोलों को मुख्य सड़क से कबतक जोड़ने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------

टंकी का निर्माण

*1279. श्री सत्यदेव नारायण आर्य--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बिहार राज्य में जिन ग्रामों की आबादी पाँच हजार या उससे अधिक है, उन गाँवों में पेयजल हेतु पानी टंकी बनाने की योजना है ;

(2) क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिला के बिहारशरीफ प्रखंड के ग्राम हरगाँवा, सर्वबहदी, तेतरावाँ तुंगी, पलटपुरा एवं सिलाव प्रखंड के ग्राम बिन्डीडिह, धोस्तावाँ, पाँकी, भदारी, सर्वत तथा गिरियक प्रखंड के ग्राम चोरसुआ, पुरैनी, आदमपुर, आदि ग्रामों की आबादी पाँच हजार से अधिक है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त ग्रामों में पेयजल हेतु टंकी का निर्माण कराना चाहती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------

चहारदीवारी का निर्माण

*1280. डॉ० अरुण कुमार--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सहरसा जिला अन्तर्गत नगर पंचायत सिमरी बख्तियारपुर प्रखण्ड सिमरी बख्तियारपुर परिसर में अनुमण्डल कार्यालय, ई० किसान भवन, प्रखण्ड कार्यालय, अंचल कार्यालय, व्यापार मंडल कार्यालय, बार एसोसिएशन, बाल विकास, नगर पंचायत कार्यालय इत्यादि है, लेकिन उक्त परिसर की चहारदीवारी नहीं रहने के कारण अस्त-व्यस्तता का माहौल बना रहता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त परिसर का चहारदीवारी का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------

जी०पी०एस० सिस्टम लागू कराना

*1281. श्री नितिन नवीन--स्थानीय हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 12 दिसम्बर, 2014 को प्रकाशित शीर्षक "ऑटो में रात का सफर सुरक्षित नहीं" को ध्यान में रखते हुये क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना जंक्शन और स्टेशन गोलम्बर पर बने दोनों बूथों पर अंधेरा रहता है तथा यात्रियों से ड्राइवर बिना पर्चा का मनमाना किराया मांगता है एवं यात्री द्वारा मनमानी किराया नहीं देने पर उनके साथ ड्राइवर द्वारा बदसलूकी की जाती है, यदि हाँ, तो सरकार पटना के जनता के हित में ऑटो या टैक्सी में जी०पी०एस० सिस्टम लागू कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

जाँच केन्द्र खोलना

*1282. श्री अजय कुमार बुलगानीन--क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला के पटोरी, मोहनपुर और मोहिउद्दीननगर प्रखंड में मिट्टी जाँच करने हेतु कोई प्रयोगशाला नहीं है;

(2) क्या यह बात सही है कि उपरोक्त तीनों प्रखंडों के किसानों को मिट्टी जाँच कराने हेतु 60-70 कि०मी० दूर जिला मुख्यालय जाना पड़ता है, फलस्वरूप अधिकांश किसान बिना मिट्टी जाँच कराये ही खेती करते हैं, जिससे फल का उत्पादन सही मात्रा में नहीं हो पाता है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार किसानों के हित में उक्त प्रखंडों में मिट्टी जाँच हेतु प्रयोगशाला खोलने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

जलमीनार का निर्माण

*1283. श्री रत्नेश सादा--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सहरसा जिलान्तर्गत पतरघट प्रखंड के पतरघट हॉस्पीटल के आस-पास कोई भी जलमीनार नहीं है, जिसके कारण ग्रामीणों के साथ-साथ इलाज कराने आये मरीजों को पीने हेतु शुद्ध जल नहीं मिलता है, यदि हाँ, तो सरकार पतरघट हॉस्पीटल के पास जलमीनार का निर्माण कर ग्रामीणों तथा मरीजों को शुद्ध पेयजल मुहैया कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

निर्माण कराना

*1284. डॉ० (मो०) जावेद--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिला में विद्युत् शवदाह गृह नहीं है, जिससे शव को जलाने में आम लोगों को कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त जिला में विद्युत् शवदाह गृह का निर्माण कराना चाहती है, नहीं, तो, क्यों ?

---------

पेयजल की आपूर्ति

*1285. श्री पवन कुमार जायसवाल--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य में राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल कार्यक्रम के अन्तर्गत 55 लीटर पेयजल प्रति व्यक्ति प्रतिदिन उपलब्ध कराने का निर्णय वर्ष 2014 में लिया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त योजना के अन्तर्गत 1,000 या उससे ज्यादा जनसंख्या वाले जगहों पर मिनी पाइप जलापूर्ति योजना द्वारा पेयजल उपलब्ध कराने का निर्णय लिया गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत घोड़ासहन इत्यादि प्रखंडों में सर्वे कराकर 1,000 या उससे अधिक जनसंख्या वाले ग्रामों में मिनी पाइप जलापूर्ति योजना के द्वारा पेयजल आपूर्ति कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पदस्थापन करना

*1286. श्री संजय सिंह ''टाईगर''--क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत उदवंतनगर प्रखंड के बेलाउर ग्राम में पशु चिकित्सालय अवस्थित है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पशु चिकित्सालय में पशु चिकित्सक नहीं हैं, जिससे पशुपालकों को पशु का चिकित्सा कराने में कठिनाई होती है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त पशु चिकित्सालय में पशु चिकित्सक का पदस्थापन कबतक कराने का विचार रखती है ?

---------

पेयजल की सुविधा

*1287. श्री अजीत शर्मा--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर नगर निगम के नाथनगर के कुण्डी टोला, नाथनगर, नरगा चौक, मनसकामना, मोहद्दीनगर वार्डों में बोरिंग नहीं होने के कारण पेयजल समस्या विगत 10 वर्षों से है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त स्थानों पर कबतक डीप बोरिंग एवं पाइप लाइन बिछाकर जल समस्या से मुक्ति दिलाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

जलापूर्ति कराना

*1288. डॉ० रणविजय कुमार--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत गोह एवं हसपुरा प्रखंड में जलमीनार निर्माण हेतु वित्तीय वर्ष 2006-07 में निविदा कराया गया था तथा तदनुसार कार्य प्रारम्भ भी हुआ पर अभीतक जलापूर्ति नहीं किया जा रहा है;

(2) क्या यह बात सही है कि गोह प्रखंड के बाजार वर्मा में 1990 के पूर्व जलमीनार से वर्ष 1995 तक बाजार वर्मा एवं मुड़वा गाँव में जलापूर्ति किया जाता था, परन्तु वर्तमान में बन्द है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार गोह, हसपुरा एवं बाजार वर्मा में जलमीनार से जलापूर्ति कराना चाहती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

निर्माण कराना

*1289. श्री सुभाष सिंह--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गोपालगंज शहर के यादवपुर रोड स्थित कैलाश होटल से ब्लॉक मोड़ चौराहा तक पी०सी०सी० पथ ध्वस्त है तथा नाला के अभाव में जल-जमाव के कारण आवागमन बाधित है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सड़क एवं नाला का निर्माण कराने का विचार रखती है ?

स्वीकृति दिलाना

*1290. श्री श्याम बिहारी राम--क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बिहार सरकार जैविक खेती को बढ़ावा देने के लिये वर्मी कम्पोस्ट के व्यावसायिक उत्पादन को बढ़ावा दे रही है और उत्पादकों द्वारा आयोजक को बैंक ऋण लेकर इकाई लगाने, उत्पादन एवं बिक्री प्रमाण-पत्र देने का नमूना मान्य होने पर उत्पादन के बाद अनुदान दिया जाता है;

(2) क्या यह बात सही है कि इच्छुक उद्यमियों को स्वीकृति देने में आठ माह का समय लग रहा है जबकि उन्हें 15 दिनों में स्वीकृति देना है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उद्यमियों को 15 दिनों में स्वीकृति दिलवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

नाला का निर्माण

*1291. श्री दुर्गा प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिलान्तर्गत बिहारशरीफ के वार्ड नं0 20 के बड़ीपहाड़ी (पीरपहाड़ी) के देवी कॉलोनी के भी0आई0पी0 रोड (अस्पताल मोड़ से बाईपास) से श्री प्रसादी प्रसाद के घर होते हुये श्री सुबोध कुमार के घर तक सड़क जर्जर है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त सड़क गंदा पानी एवं कीचड़ से भरा रहता है, जिससे आमलोगों को आवागमन में कठिनाई होती है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सड़क का पक्कीकरण एवं नाला निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

कार्रवाई करना

*1292. श्री पवन कुमार [illegible]--हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 4 जनवरी, 2015 को प्रकाशित ''पकड़ी गई खाद फैक्ट्रियाँ'' शीर्षक को ध्यान में रखते हुये, क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिला के [illegible] में नमक, बालू मिलाकर बनाये जा रहे नकली पोटास, डी0ए0पी0 खाद तथा विभिन्न ब्राण्डों के खाद की खाली बोरियाँ, सिलाई मशीन आदि सहित चार फैक्ट्रीयाँ पकड़ी गई हैं, यदि हाँ, तो क्या सरकार नकली खाद बनाने वाले व्यक्तियों पर [illegible] कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

जीर्णोद्धार करना

*1293. श्री जितेन्द्र कुमार--क्या मंत्री, नगर विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिलान्तर्गत बिहारशरीफ स्थित सरकारी बस स्टैंड रांची रोड पर स्थित है, जिसका भवन विगत 10 वर्षों से जीर्ण-शीर्ण अवस्था में है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त भवन का जीर्णोद्धार करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

विचार करना

*1294. श्री मुजाहिद आलम--क्या मंत्री, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिले के प्राप्त आवंटन से अधिक कार्ड (बी0पी0एल0) का वितरण हुआ है;

(2) क्या यह बात सही है कि आवंटन से अधिक कार्ड बंटने के कारण प्रतिमाह बहुत सारे लाभुकों को जन-वितरण प्रणाली की दुकान से अनाज नहीं मिलता है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार किशनगंज जिले में वितरित किये गये कार्ड के आधार पर खाद्यान्न का आवंटन करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

औचित्य बताना

*1295. श्री दिनेश कुमार सिंह--हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 26 फरवरी, 2015 को प्रकाशित "सरकारी वेस गोदामों में सड़ गये 210 करोड़ के धान" शीर्षक को ध्यान में रखते हुये, क्या मंत्री, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बिहार सरकार द्वारा खाद्य निगम, पैक्स सहित कई माध्यमों से वर्ष 2011 से 2014 तक 210 करोड़ के धान क्रय किये गये थे जो गोदाम में सड़ रहे हैं, यदि हाँ, तो गोदामों में 210 करोड़ के धान सड़ने का क्या औचित्य है ?

------------

नाला का निर्माण

*1296. श्री अख्तरूल इसलाम शाहिन--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर नगर परिषद् क्षेत्र के वार्ड 90-27 स्थित श्री लालू बाबू पासवान (पूर्व वार्ड आयुक्त) के घर से भाया रामकुमार पासवान के घर होते हुये मुख्य सड़क तक बड़े आकार का पक्का नाला नहीं है;

(2) क्या यह बात सही है कि पक्का नाला नहीं रहने से जल निकासी में भारी कठिनाई होती है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार ऊपर वर्णित इलाके में जल निकासी हेतु बड़े आकार का नाला निर्माण कराना चाहती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

बस पड़ाव निर्माण कराना

*1297. डॉ0 अच्युतानन्द--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि वैशाली जिला के महनार नगर पंचायत के महनार बाजार स्थित बस स्टैंड के लिये नगर पंचायत के द्वारा जगह आवंटित नहीं करने के कारण यात्री बस पड़ाव अस्पताल के सामने सड़क पर अवस्थित है;

(2) क्या यह बात सही है कि सड़क पर बस पड़ाव अवस्थित होने के कारण अस्पताल के सामने रोजाना घंटों जाम लगता है, जिससे मरीजों को काफी कठिनाई होती है;

(3) क्या यह बात सही है कि प्रति वर्ष बस पड़ाव के मद में नगर पंचायत को 10 लाख से ऊपर की आमदनी होने के बाद भी पिछले 2 वर्षों से बस पड़ाव की व्यवस्था नहीं की गयी है;

(4) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार महनार नगर पंचायत के अधीन एक निश्चित बस पड़ाव का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

नाला का निर्माण कराना

*1298. डॉ० प्रमोद कुमार सिंह—क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना शहर के मजिस्ट्रेट कॉलोनी, आशियाना नगर के रोड नं० 3 में श्रीमती प्रभावती गुप्ता, पूर्व विधायिका के घर से श्री शिवपूजन सिंह के घर तक सड़क जर्जर है तथा नाला नहीं रहने के कारण साल के पाँच महीने जल-जमाव रहता है और लोगों का घर से निकलना दूभर हो जाता है, यदि हाँ, तो कबतक सरकार उक्त वर्णित सड़क एवं नाला का निर्माण कराने का विचार रखती है ?

---------

चालू कराना

*1299. श्री रामसेवक सिंह—क्या मंत्री, पशुपालन एवं मत्स्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिला के हथुआ विधान-सभा क्षेत्र के प्रखण्ड उचकागाँव के पशु चिकित्सा केन्द्र, बालाहाता में एक भी पशु चिकित्सक नहीं रहने के कारण यह केन्द्र बन्द है, यदि हाँ, तो सरकार उपरोक्त पशु केन्द्र पर कबतक चिकित्सक को पदस्थापित कर केन्द्र को चालू कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

स्ट्रीट लाइट लगाना

*1300. श्री रामसेवक सिंह—क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिला के नगर पंचायत, मीरगंज के कुशवाहा मोड़ पर स्ट्रीट लाइट नहीं रहने के कारण कुशवाहा मोड़ से जयप्रकाश चौक तथा कुशवाहा मोड़ से सब-विद्युत् स्टेशन, मीरगंज तक रास्ता अंधकार में रहता है, जिससे यात्रियों एवं नागरिकों को काफी परेशानी हो रही है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त स्थल पर स्ट्रीट लाइट कबतक लगाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

लागू करवाना

*1301. श्री अवधेश कुमार राय—क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि एक ही जिला में लगातार तीन वर्ष से अधिक किसी पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति का प्रावधान नहीं है, परन्तु बेगूसराय जिला के सदर प्रखण्ड में कृषि पदाधिकारी छः साल से लगातार कार्यरत हैं;

(2) क्या यह बात सही है कि इनके विरुद्ध अनियमितता के आरोप में निलंबन की कार्यवाही भी हो चुकी है तथा पत्रांक 131, दिनांक 18 जनवरी, 2011, पत्रांक 243, दिनांक 18 फरवरी, 2014, पत्रांक 842, दिनांक 30 जून, 2014 एवं पत्रांक 1122, दिनांक 18 जनवरी, 2015 द्वारा चार बार स्थानान्तरण आदेश निर्गत होने के उपरान्त भी अभीतक ये सदर प्रखण्ड बेगूसराय में ही कार्यरत हैं;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार स्थानान्तरण आदेश को लागू करवाना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

सुविधा उपलब्ध कराना

*1302. श्री अमरनाथ गामी—क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य में कृषि उत्पादन बाजार समिति के वर्ष 2003 से मूलभूत सुविधा उपलब्ध नहीं रहने के कारण किसानों को काफी कठिनाई होती है;

(2) क्या यह बात सही है कि वर्ष 2005 तक सरकार द्वारा बाजार समिति से एक प्रतिशत टैक्स लेकर बाजार समिति में सड़क, पेयजल, नाला आदि मूलभूत सुविधा उपलब्ध करायी जाती रही है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार पुन: राज्य के कृषि उत्पादन बाजार समिति में मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराने का विचार रखती है ?

---------

पैक्स द्वारा वितरण कराना

*1303. श्री रमेश ऋषिदेव—क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि सरकार द्वारा वर्ष 2010 में निर्णय लिया गया है कि कृषि यंत्रों एवं बीज वितरण संबंधी कार्य पैक्स के माध्यम से किया जायेगा;

(2) क्या यह बात सही है कि मधेपुरा जिलान्तर्गत सरकार द्वारा उक्त निर्णय के आलोक में आजतक कृषि यंत्र एवं बीज वितरण इत्यादि की व्यवस्था पैक्स के माध्यम से नहीं की जा रही है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार मधेपुरा जिला में पैक्स के माध्यम से कबतक कृषि संयंत्र एवं बीज का वितरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

दोषी पर कार्रवाई

*1304. श्री महेन्द्र बैठा—क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि वैशाली जिलान्तर्गत पातेपुर प्रखंड में राष्ट्रीय कार्यक्रम योजनान्तर्गत वर्ष 2009-10 में 50 अदद चापाकल मुख्य मंत्री चापाकल योजनान्तर्गत वर्ष 2013-14 में 100 अदद एवं राष्ट्रीय कार्यक्रम में एम०एम० योजनान्तर्गत 2014-15 में 50 चापाकल लगाना था;

(2) क्या यह बात सही है कि खंड (1) में वर्णित योजनाओं के तहत कुल 200 चापाकल को आजतक लगाया नहीं गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त योजनाओं के अन्तर्गत 200 चापाकलों को नहीं लगाने वाले दोषियों पर कबतक कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

विचार करना

''ख''-*1305. श्री जितेन्द्र कुमार राय—क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि पटना जिला अन्तर्गत मौजा-दीघा, थाना-दीघा (वर्तमान में नेपाली नगर) में अवस्थित खाता नं० 1034, खेसरा नं० 2639 की जमीन को वर्ष 1974 में राज्य सरकार द्वारा आवास बोर्ड के लिये अधिगृहित किया गया था;

(2) क्या यह बात सही है कि उपरोक्त अधिगृहित जमीन को बिहार स्टेट को-ऑपरेटिव फेडरेशन द्वारा अवैध रूप से रजिस्ट्री कराया गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार आवास बोर्ड की उपरोक्त भूमि को को-ऑपरेटिव फेडरेशन द्वारा कराये गये अवैध रजिस्ट्री को रद्द करते हुये इसकी उच्चस्तरीय जाँच कराकर कार्रवाई करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

नोट—''ख''-राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग से नगर विकास एवं आवास विभाग को स्थानान्तरित ।

मवेशी अस्पताल खोलना

*1306. श्री आलोक रंजन— क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सहरसा जिलान्तर्गत कहरा प्रखण्ड के अमरपुर पंचायत से जिला मुख्यालय की दूरी लगभग दस किलो मीटर रहने के कारण वहाँ के लोगों को अपने मवेशी का इलाज कराने में काफी कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सोनवर्षा कचहरी क्षेत्र में कबतक एक मवेशी अस्पताल खोलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

विज्ञान केन्द्र खोलना

*1307. श्री रामसूरत राय— क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिला के औराई एवं कटरा प्रखण्ड कृषि प्रधान प्रखण्ड है तथा यहाँ के कृषकों को मिट्टी या फसल संबंधी किसी भी प्रकार के कार्य/जानकारी प्राप्त करने हेतु दूसरे जिला जाना पड़ता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार कबतक वर्णित प्रखण्ड में कृषि विज्ञान केन्द्र खोलना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

होल्डिंग टैक्स वसूलना

*1308. श्री अरूण शंकर प्रसाद— स्थानीय दैनिक समाचार पत्र में दिनांक 11 जनवरी, 2015 को प्रकाशित शीर्षक ''सरकारी कार्यालयों पर 48 लाख बकाया'' को ध्यान में रखते हुये क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि नगर परिषद् मधुबनी का वित्तीय वर्ष 2014-15 का होल्डिंग टैक्स, खादी ग्रामोद्योग भवन पर 13 लाख 22 हजार तीन सौ छब्बीस रुपया, कार्यपालक पदाधिकारी जिला निर्माण पर 7,13,434.40 रुपया, मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी जिला परिषद् पर 4,20,565.00 रुपया अनुमंडल पदाधिकारी दूरभाष पर 5,50,650.00 रुपया उप विकास आयुक्त विकास भवन पर 1,51,439.00 रुपया, कार्यपालक अभियंता पी०एच०ई०डी० पर 1,51,843.00 रु० सहित अन्य सरकारी कार्यालयों पर कुल 48 लाख रुपया बकाया है;

(2) क्या यह बात सही है कि राशि बकाया रहने से नगर परिषद् का विकास कार्य अवरुद्ध है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार सहित अन्य 25 सरकारी कार्यालयों से होल्डिंग टैक्स वसूलने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

औचित्य बताना

*1309. श्रीमती गुलजार देवी— क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत फुलपरास अंचल में हल्का कर्मचारी द्वारा मौजा मुरली एवं मौजा कालापट्टी में प्रति कट्ठा एक रुपया की दर से लगान वसूला जाता है, जबकि मौजा रामनगर में प्रति कट्ठा तीन रुपया की दर से लगान वसूला जाता है, यदि हाँ तो इस विषमता का औचित्य क्या है?

---

नाला का निर्माण

*1310. श्री शिवेश कुमार— क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि पटना जिला के बिजली बोर्ड कॉलोनी के उत्तर स्थित हुडको क्वार्टर तथा पश्चिमी पटेलनगर जो पटना नगर निगम के वार्ड संख्या 7 तथा दीघा विधान-सभा क्षेत्र में अवस्थित है, के बीच गन्दे जल की निकासी हेतु कोई नाला/नाली का निर्माण नहीं किया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि इस क्षेत्र से गन्दे जल की निकासी नहीं होने के कारण सालों भर जल-जमाव बना रहता है, जिससे इस क्षेत्र के नागरिकों को कठिनाई का सामना करना पड़ता है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त वर्णित स्थल पर गन्दे जल की निकासी के लिये नाला का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों?

---

नाला का निर्माण

*1311. श्री अरूण शंकर प्रसाद--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत नगर पंचायत जयनगर के वार्ड नं० 14 थाना गेट के सामने अशोक गुप्ता के घर से सुभाष चौक, नारायण साह के घर तक तथा वार्ड नं० 07 सुरेन्द्र सहनी के घर से नरेश मंडल के घर होते हुये राधाकृष्ण मंदिर के आगे विद्यापीठ तक नाला नहीं होने के कारण जल-जमाव से आमलोगों को आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त दोनों सड़कों के किनारे आर०सी०सी० नाला का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

कब्जा दिलाना

*1312. श्री मंजीत कुमार सिंह--दिनांक 11 जनवरी, 2015 के दैनिक समाचार-पत्र में छपे शीर्षक "75 फिसदी पर्चाधारी अपनी जमीन पर काबिज नहीं" को ध्यान में रखते हुये क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बिहार सरकार ने 21 लाख लोगों को पर्चा दिया है, परन्तु सिर्फ 25 प्रतिशत लोगों को ही उस जमीन पर कब्जा हो पाया है;

(2) क्या यह बात सही है कि प्रधान सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार ने सभी जिला पदाधिकारियों को पर्चा के जमीन पर कब्जा दिलाने हेतु प्रत्येक मंगलवार को कैम्प लगाने का निदेश जारी किया है;

(3) क्या यह बात सही है कि पंचायतों में मंगलवार को कोई कैम्प नहीं लगाया जा रहा है तथा पर्चाधारियों को उनसे संबंधित जमीन पर कब्जा दिलाने के संबंध में कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है;

(4) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार जिन पर्चाधारियों को पर्चा से संबंधित जमीन पर कब्जा नहीं हो पाया है तो उन्हें कब्जा दिलाने का विचार रखती है ?

---

औचित्य बताना

*1313. श्रीमती (प्रो०) उषा सिन्हा--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिला के करायपरशुराय प्रखण्ड के डियावाँ गाँव में सोलर विद्युत् से संचालित होने वाले उच्च प्रवाही जलमीनार से पानी की नियमित आपूर्ति नहीं की जा रही है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त जलमीनार से पानी का रिसाव होने के बावजूद बिना जाँच के संवेदक को राशि का भुगतान कर दिया गया है;

(3) क्या यह बात सही है कि जलापूर्ति हेतु पम्प चालक की भी प्रतिनियुक्ति नहीं होने के कारण जलापूर्ति बाधित है;

(4) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो डियावाँ गाँव में जलमीनार से नियमित जलापूर्ति नहीं होने का क्या औचित्य है ?

पशु चिकित्सालय का निर्माण

*1314. श्री अजय कुमार बुलगानीन--क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला अन्तर्गत मोहनपुर प्रखण्ड में प्रखण्ड स्तरीय पशु चिकित्सालय नहीं है, जबकि प्रखण्ड के किसानों के आय का मुख्य स्रोत पशुपालन है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त प्रखण्ड में पशुपालकों के हित में कबतक प्रखण्ड स्तरीय पशु चिकित्सालय का निर्माण कराकर पशु चिकित्सक की प्रतिनियुक्ति का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

सम्पत्ति कर लेने का विचार

*1315. श्री तारकिशोर प्रसाद--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि वर्ष 2011-12 में कटिहार नगर निगम नव उत्क्रमित होने के बाद ग्रामीण क्षेत्र का आवासीय मकान एवं कृषि योग्य 1800 हेक्टेयर भूमि वार्ड सं0 1, 2 एवं 43 अंश तथा वार्ड सं0 3 एवं 45 में पूर्ण रूप से नगर निगम क्षेत्र में सम्मिलित हुये हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि नगर निगम नव उत्क्रमित होने के बाद ग्रामीण क्षेत्र से जुड़े क्षेत्र के लोग कृषक, मजदूर तथा सामाजिक एवं आर्थिक दृष्टि से कमजोर वर्ग के हैं तथा इन्हें कोई नगरीय सुविधा भी नहीं दी जा रही है ;

(3) क्या यह बात सही है कि निगम सृजन एवं वार्ड परिसीमन के बाद खाली कृषि योग्य भूमि पर सम्पत्ति कर लेने का इस क्षेत्र के नागरिकों द्वारा भारी विरोध के मद्देनजर, दिनांक 11 मार्च, 2013 को संपन्न नगर निगम की सामान्य बैठक की प्रस्ताव सं0 3 द्वारा कृषि योग्य खाली जमीन पर सम्पत्ति कर संग्रह नहीं करने का निर्णय लिया गया है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त खाली कृषि योग्य भूमि पर सम्पत्ति कर नहीं लेने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

---

मुहैया कराना

*1316. श्री श्याम बिहारी राम--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि रोहतास जिलान्तर्गत चेनारी, शिवसागर, रोहतास एवं नौहट्टा प्रखण्डों के पहाड़ी पर स्थित गाँवों के निवासियों को शुद्ध पेयजल आपूर्ति नहीं हो पा रहा है, फलस्वरूप वे गन्दा तालाब व गड्ढे का पानी पीने को मजबूर हैं, यदि हाँ, तो सरकार कबतक इन पहाड़ों पर रहने वाले लोगों को शुद्ध पानी मुहैया कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

भवन बनाना

*1317. श्री तारकिशोर प्रसाद--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिलान्तर्गत मंसूरचक प्रखंड में प्रखंड एवं अंचल कार्यालय भवन स्वीकृत है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त कार्यालय भवन निर्माण हेतु भूमि अधिग्रहण के संबंध में किसानों से सहमति पत्र प्राप्त है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त अधिगृहित भूमि का मुआवजा किसानों को उपलब्ध कराकर प्रखंड एवं अंचल कार्यालय भवन बनाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

नाला का निर्माण

*1318. डॉ० दाउद अली--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पटना जिलान्तर्गत पटना सिटी के वार्ड संख्या 57 में मदरसा गली, नवाब बहादुर रोड में जल-जमाव के कारण 40 फीट लम्बा, 6 फीट चौड़ा एवं 5 फीट गहरा गड्ढा जे० सी० बी० मशीन से जुलाई, 2014 में खोद दिया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उपरोक्त खोदे गये गड्ढा को दिनांक 12 मार्च, 2015 तक न तो पक्का नाला बनाया गया है और न ही गड्ढा को भरा जा सका है, जिससे आये दिन कोई न कोई दुर्घटना होती रहती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार खोदे गये गड्ढा पर पक्का नाला चालू वित्तीय वर्ष में बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

दुग्ध शीतल केन्द्र बनाना

*1319. डॉ० कृष्णनन्दन यादव--क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिला के खिजर सराय में दुग्ध शीतल केन्द्र नहीं है ;

(2) क्या यह बात सही है कि खिजर सराय से दूध ले जाया जाता है, परन्तु अधिक दूरी पर डेयरी फार्म होने से रास्ते में दूध फट जाता है, जिसके कारण दूध का कीमत नहीं मिलता है तथा किसानों को क्षति होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार खिजर सराय में एक दुग्ध शीतल केन्द्र बनाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

मुक्तिधाम का निर्माण

*1320. श्री प्रेम रंजन पटेल--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि लखीसराय जिलान्तर्गत सूर्यगढ़ा गौरीशंकर धाम के नजदीक श्मशान घाट में मुक्तिधाम निर्माण की स्वीकृति वर्ष 2007 में दिया गया था ;

(2) क्या यह बात सही है कि अभीतक मुक्तिधाम के निर्माण नहीं होने से लोगों को काफी कठिनाई हो रही है ;

(3) क्या यह बात सही है कि मुक्तिधाम का निर्माण के लिये निर्गत राशि की निकासी के बावजूद मुक्तिधाम का निर्माण नहीं किया गया है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार सूर्यगढ़ा गौरीशंकर धाम स्थित मुक्तिधाम का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

गव्य पदाधिकारी का पदस्थापन

*1321. श्रीमती पूनम देवी यादव--क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि खगड़िया जिला पशुपालन आधारित जिला है ;

(2) क्या यह बात सही है कि खगड़िया जिला में जिला गव्य पदाधिकारी स्थायी रूप से पदस्थापित नहीं हैं ;

(3) क्या यह बात सही है कि पशुपालकों को सरकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिये गव्य पदाधिकारी के पास अन्य जिला जाने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, जिससे लाभुकों को सरकारी योजनाओं के लाभ से वंचित होना पड़ता है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार खगड़िया जिला के पशुपालकों के हित में स्थायी गव्य पदाधिकारी को पदस्थापित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रतिनियुक्ति करना

*1322. श्री अशोक कुमार--क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला के खानपुर प्रखंड में खानपुर प्रखंड मुख्यालय, भोरे जयराम, मसीना स्थित पशु चिकित्सालय भवनहीन है तथा चिकित्सकों के अभाव में पशुओं का इलाज नहीं होने से लोग परेशान हैं, यदि हाँ, तो सरकार उक्त स्थानों पर पशु अस्पतालों के भवन निर्माण एवं पशुओं की चिकित्सा हेतु चिकित्सकों की प्रतिनियुक्ति कराने का विचार रखती है ?

--------

जीर्णोद्धार कराना

*1323. श्री अवधेश कुमार राय--क्या मंत्री, सहकारिता विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिला के भगवानपुर प्रखंडान्तर्गत किरतपुर पंचायत के ग्राम-विशनपुर में वर्ष 1990 में निर्मित बिस्कोमान भवन की स्थिति काफी जर्जर हो जाने के कारण खाद भंडारण विगत सात-आठ वर्षों से किराये के मकान में किया जा रहा है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त बिस्कोमान भवन का कबतक जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का पक्कीकरण

*1324. श्री (मो०) आफाक आलम--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत कसबा नगर पंचायत के मदरसा जानेवाला पीच सड़क से हारी महादलित टोला होते हुये मुरदूसाह कॉलेज होते हुये पीच रोड तक सड़क कच्ची है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त सड़क कच्ची होने के कारण आम जनता को आवागमन में कठिनाई होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सड़क को पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

कार्रवाई करना

*1325. डॉ० अजहार अहमद--स्थानीय हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 8 अगस्त, 2014 को प्रकाशित शीर्षक ''अनाज उठाव में जमकर हो रही मनमानी'' को ध्यान में रखते हुये क्या मंत्री, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत बिरौल अनुमंडल में अनाज उठाव में रोस्टर का पालन नहीं किया जाता है ;

(2) क्या यह बात सही है कि एस०एफ०सी० गोदाम प्रबंधक और डोर स्टेप डिलिवरी एजेंसी के सहयोग से डीलर को अनाज दिया जाता है तथा 6 सौ क्विंटल प्रतिदिन उठाव के लक्ष्य की जगह मात्र तीन सौ से पाँच सौ क्विंटल ही उठाव हो रहा है ;

(3) क्या यह बात सही है कि जिलाधिकारी, दरभंगा ने 31 जुलाई, 2013 से 2014 तक का अनाज उठाव हेतु निर्देशित किया है, जिसमें 11 हजार 917 क्विंटल अनाज का उठाव किया जाना है, लेकिन अभीतक मात्र दस हजार क्विंटल अनाज का उठाव हो पाया है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार इस संबंध में कबतक कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

भवन का निर्माण

*1326. श्री जनक सिंह--क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत इसुआपुर तथा तरैया प्रखंडों में पशु चिकित्सालय भवन का निर्माण नहीं हुआ है, यदि हाँ तो सरकार उक्त दोनों प्रखंडों में कबतक पशु चिकित्सालय भवन का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

कार्रवाई करना

*1327. श्री विक्रम कुँवर--दिनांक 16 मार्च, 2015 को हिन्दी दैनिक समचार-पत्र में प्रकाशित ''किसान के घर चीनी घुसपैठ'' शीर्षक के आलोक में क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य के किसानों को उन्नत कृषि के लिये कृषि मेले का आयोजन कर आधुनिक कृषि यंत्रों को खरीदने के लिये अनुदान देती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि कृषि मेले में दिये जाने वाले कृषि यंत्र चीन द्वारा निर्मित है, जिसकी मरम्मती नहीं होती है तथा चीन के द्वारा निर्मित यंत्र के प्रति राज्य के किसानों को कोई रूची नहीं है ;

(3) यद्दि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कृषि मेले में चीन निर्मित कृषि यंत्र देने वाले पदा० एवं एजेंसी विरुद्ध कौन-सी कार्रवाई करने का विचार रखती है ;

--------

विचार करना

*1328 श्री विजय कुमार सिन्हा--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि लखीसराय जिलान्तर्गत भूमिहीन परिवारों को जो जमीन दी गई है वह बाजार मूल्य से ज्यादा पर खरीदी गई है ;

(2) क्या यह बात सही है कि गरीब भूमिहीनों का चयन प्रक्रिया में काफी धांधली करके लाभुकों का लिस्ट बनाया गया है और कुछ जमीन पर लाभुकों का कब्जा भी नहीं दिया गया, बल्कि कागज पर खानापूर्ति किया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार भूमिहीनों के आवंटित जमीन का सही मूल्यांकन कर लाभुकों को आवंटित जमीन पर कब्जा दिलाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

जलापूर्ति कराना

*1329. श्री महेन्द्र बैठा--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि वैशाली जिलान्तर्गत पातेपुर प्रखंड के मालापुर डढुआ पातेपुर में पानी टंकी का निर्माण वर्ष 2010 में पूरा हो गया है, लेकिन पाइप लाइन नहीं बिछाये जाने के कारण उक्त गाँवों को शुद्ध जल की आपूर्ति बाधित है, यदि हाँ, तो सरकार मालापुर डढुआ ग्राम में पाइप लाइन बिछाकर जलापूर्ति कराने का विचार रखती है ?

जलमीनार बनाना

*1330. श्री अमन कुमार--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिलान्तर्गत पीरपैंती प्रखंड के दियरा क्षेत्र बाखरपुर पूर्व सह पश्चिम जिसकी आबादी 30-40 हजार है, में जलमीनार नहीं रहने के कारण आर्सेनिक जल पीने से वहाँ के आम लोगों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त स्थान पर जलमीनार बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------

चापाकल लगाना

*1331. श्रीमती मंजू कुमारी--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कि समस्तीपुर जिला के कल्याणपुर विधान-सभा क्षेत्र अंतर्गत कुडवा, बरहेता, पुरुषोत्तमपुर आदि पंचायतों के ग्रामों में वर्ष 2013 में विभाग द्वारा स्थापित चापाकल से आयरन व आर्सेनिकयुक्त पानी निकल रहा है, जिसको पीकर लोग बीमार हो रहे हैं, यदि हाँ, तो क्या सरकार इसकी जाँच कराकर उपर्युक्त जगह एवं गहराई पर चापाकल गाड़ने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------

रास्ता का पुनर्निर्माण

*1332. श्री सत्यदेव नारायण आर्य--क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिला के सिलाव प्रखण्ड अन्तर्गत ग्राम-भदारी में एक बड़ा तालाब है, जिसमें मछलीपालन एवं सिंघाड़ा की खेती के उपज से प्रत्येक वर्ष लाखों रुपये का आय होती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि प्रश्नाधीन तालाब के चारों तरफ पक्का सड़क रास्ता है, जिसका देख-रेख नहीं होने से रास्ता प्रायः ध्वस्त होते जा रहा है, जिससे जनता को कष्ट है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार तालाब के चारों तरफ रास्ता का पुनर्निर्माण कराना चाहती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------

हरेराम मुखिया,
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान-सभा ।

पटना :
दिनांक 9 अप्रील, 2015 (ई०)।

बि०स०मु० (एल०ए०)- 6 डी०टी०पी०-450